आके अपनी मोहिनी सूरत हमें दिखाएगा

आके अपनी मोहनी सूरत हमें दिखाएगा
है मुझको विश्वास सावरा आ जाएगा
आ जाओ सांवरिया आ जाओ

जिसने भी तुझे सच्चे मन से जब भी याद किया है
तूने ओ सांवरिया आके दर्शन उसे दिया है
मेरे प्रेम को सांवरिया तू कैसे भूलाएगा

छोड़ो सताना आ जाओ अपनों से क्या शर्माना
आना पड़ेगा तुमको यहां नहीं चलेगा कोई बहाना
बावला मन तेरे आने से ही चैन पाएगा

रोशनी की उम्मीदों को तू नहीं टूटने देगा
कुंदन का तुझपे है भरोसा आके खबर तू लेगा
मित्र सुदामा समझके हमको गले लगाएगा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14489/title/aake-apni-mohani-surat-hume-dikhaayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |